हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 13 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 25.5 डिग्री
न्यूनतम 8.5 डिग्री

12 नगर परिषद जेई और अकाउंटेंट सस्पेंड ...




12 औद्योगिक विकास से ही कोई राष्ट्र उन्नति की...



## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे का आरोपी चालक काबू

**बावल।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर सड़क हादसे के बाद गत 2 फरवरी को केस दर्ज किया था। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। पुलिस ने परिजनों के बयान पर केस दर्ज करने के बाद गाड़ी चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू किए। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने युपी के मुजफ्फर नगर निवासी निवासी रामसिंह को गिरफ्तार कर लिया। उसकी गाड़ी को भी कब्जे में लिया गया है। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न व जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वर्ष 2024 में एक विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। कई बार पुलिस थाने में दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई, लेकिन उनमें सुलहनामा नहीं हुआ। इसके बाद पुलिस ने गत 23 जनवरी को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने राजस्थान के मुसारी निवासी दिनेश को गिरफ्तार किया है।

### पुलिस के हत्थे चढ़ा चोरी का आरोपी

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने चोरी के मामले में एक आरोपी को करीब पांच साल बाद गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात के बाद 15 अगस्त 2021 को केस दर्ज किया था। काफी प्रयास करने के बाद भी चोरी के आरोपी का पता नहीं चल सका था। अब पुलिस ने इस मामले में राजस्थान के सानका निवासी सावन कुमार को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से जमानत नहीं मिलने के कारण उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया।

### गोकसी एक्ट का आरोपी तफ्तीश में शामिल

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने गोकसी अधिनियम के तहत दर्ज मामले के एक आरोपी को तफ्तीश में शामिल किया है। पुलिस ने गत वर्ष 17 नवंबर को गोकशी के लिए ले जाए जा रहे गोवंश को मुक्त कराने के बाद गोकसी व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज किया था। मामले के अन्य आरोपियों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। अब इस मामले में पुलिस ने नूंह के लाहेरवाड़ी निवासी इलियास को गिरफ्तार किया है।

### झगड़े की आशंका को देखते चार गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सिटी थाना पुलिस ने आपसी विवाद के चलते झगड़े की आशंका को देखते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को दो गुटों के बीच विवाद के बाद मिली शिकायत के आधार पर निवारक कार्रवाई का फैसला लिया। इस कार्रवाई के तहत गुरूग्राम के पहाड़ी निवासी हर्ष, शुक्रपुरा निवासी धूरव, बलभद्र सराय निवासी पुनीत और संघी का बास निवासी जतिन को गिरफ्तार कर लिया। वीरवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामले में एक आरोपी किया काबू

**जाटूसाना।** पुलिस ने फतेहपुरी गांव में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मारपीट में घायल व्यक्ति के बयान पर गत 6 फरवरी को केस दर्ज किया था। पीड़ित ने मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में फतेहपुरी निवासी बलजीत को गिरफ्तार कर लिया। उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

## शहर में राष्ट्रव्यापी हड़ताल का दिखा मिला-जुला असर

# सुचारू रूप से चली रोडवेज, आशा वर्कर्स आंगनबाड़ी व मिड-डे-मील वर्कर्स का प्रदर्शन

यूनियनों के सदस्यों ने केंद्र सरकार द्वारा पारित चार लेबर कोड्स को बताया श्रमिक, मजदूर, कर्मचारी व स्कीम वर्कर विरोधी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों, फेडरेशनों, कर्मचारी संगठनों के संयुक्त आह्वान वीरवार को जिले में राष्ट्रव्यापी हड़ताल का मिला-जुला असर देखने को मिला। रोडवेज यूनियन ने चक्का जाम की घोषणा की थी, लेकिन वीरवार को सामान्य दिनों की तरह ही रोडवेज बसें चलती दिखाई दी। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से संबंधित हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन की ओर से दो घंटे का विरोध प्रदर्शन किया गया। इस समय अंतराल में बस स्टैंड के गुरुग्राम, महेन्द्रगढ़ व नारनौल रूट के बूथों पर रोडवेज की जगह परमिट की बसें ज्यादा नजर आई, जिससे यात्रियों को कुछ देर रोडवेज का इंतजार करना पड़ा। भारतीय मजदूर संघ से संबंधित हरियाणा राज्य परिवहन कर्मचारी संघ ने हड़ताल से दूरी बना रखी। बस स्टैंड परिसर में धारा-163 लगने से सुबह से ही पुलिस बल तैनात रहा। इसके अलावा पीएनबी की यूनियन ने हड़ताल का समर्थन किया, लेकिन बैंक कर्मचारी रूटीन में कामकाज करते हुए दिखाई दिए। आंगनबाड़ी वर्करों, आशा कार्यकर्ताओं व मिड-डेमील कार्यकर्ताओं ने सरकुलर रोड पर पैदल मार्च कर चार लेबर कोड्स का विरोध किया।

इस मौके पर संयुक्त किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अभय सिंह, एआईकेकेएमएस के जिलाध्यक्ष रामकुमार निमोठ, जय किसान आंदोलन के जिला अध्यक्ष पृथ्वी सिंह, बाबूलाल यादव, अमर सिंह राजपुरा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन की जिलाध्यक्ष तारा देवी, आशा कार्यकर्ता यूनियन की कार्यकारी अध्यक्ष पिंकी शर्मा, सचिव संतोष यादव, मुनेष देवी, अशोक कुमार, पूर्व ईओ मनोज यादव, बीरसिंह यादव, प्रवीण यादव, सुभाष छावड़ी, दीवान सिंह चौहान व मूलचन्द ने अपने विचार रखें और हड़ताल को समर्थन दिया।






रेवाड़ी। बस स्टैंड में धरना-प्रदर्शन करते रोडवेज कर्मचारी तथा हड़ताल के दौरान सरकुलर रोड पर प्रदर्शन करते हुए स्कीम वर्कर्स। फोटो : हरिभूमि

### हड़ताल में ये यूनियन रही शामिल

हड़ताल का असर विभागों में कम और सरकुलर रोड पर ज्यादा देखने को मिला। सरकुलर रोड पर ओर दिनों की अपेक्षा यातायात कम रहा। रोडवेज व प्राइवेट बसे पहले की तरह चलती रही। राष्ट्रव्यापी हड़ताल में हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन, सर्व कर्मचारी संघ, आशा वर्कर्स यूनियन, मिड-डेमील यूनियन, ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन, मनरेगा मेट एवं मजूदर यूनियन, दी रेवन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन, सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन, वन मजदूर यूनियन तथा एआईयूटीयूसी से संबंधित आशा कार्यकर्ता यूनियन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका यूनियन, मिड-डेमील कार्यकर्ता यूनियन व भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियनें हड़ताल पर रही। यूनियनों सरकार से लेबर कोड का वापस लेने, न्यूनतम वेतन प्रतिमाह 30 हजार करने, ठेका प्रथा व निजीकरण बंद करने, खाली पदों पर स्थाई भर्ती के साथ नए पदों का सृजन करने, मनरेगा को मजबूत करके बहाल करने व मजदूरों के लिए सामाजिक सुरक्षा कानून लागू करने सहित अनेक मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।

### यूनियनों ने सभा कर शहर में किया प्रदर्शन

श्रमिक संगठन एआईयूटीयूसी व इससे संबंधित सभी यूनियनों के कार्यकर्ताओं ने नेताजी सुभाषचन्द्र बोस पार्क से बस स्टैंड तक पैदल मार्च कर प्रदर्शन किया। हड़ताल मे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका यूनियन, आशा कार्यकर्ता यूनियन, मिड-डेमील कार्यकर्ता यूनियन, भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन, हरियाणा खेत मजदूर फेडरेशन आदि यूनियनों ने भाग लिया। एआईयूटीयूसी के राज्य अध्यक्ष कामरेड राजेंद्र सिंह ने केंद्र सरकार द्वारा पारित चार लेबर कोड्स को श्रमिक, मजदूर, कर्मचारी व स्कीम वर्कर विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि लंबे संघर्ष से हासिल 29 श्रम कानूनों को केंद्र सरकार ने पूंजीपतियों के हित में रद्द कर दिया और उनकी जगह चार लेबर कोड लागू करके मजदूरों को पूंजीपतियों के सामने निहत्था फेंक दिया है ताकि पूंजीपति मजदूरों, श्रमिकों व कर्मचारियों का शोषण कर सके। मजदूरों के यूनियन बनाने व आंदोलन करने के अधिकारों को सीमित कर दिया गया है। 8 घंटे की बजाय 10 से 12 घंटे काम करने का कानून बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि स्कीम वर्कर्स को न ही सरकारी कर्मचारी बनाया जा रहा है और न ही न्यूनतम वेतन दिया जा रहा है। उन्होंने चार लेबर कोर्ट को वापस लेने की मांग की।

### इन्होंने दिया समर्थन

इस मौके पर संयुक्त किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अभय सिंह, एआईकेकेएमएस के जिलाध्यक्ष रामकुमार निमोठ, जय किसान आंदोलन के जिला अध्यक्ष पृथ्वी सिंह, बाबूलाल यादव, अमर सिंह राजपुरा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन की जिलाध्यक्ष तारा देवी, आशा कार्यकर्ता यूनियन की कार्यकारी अध्यक्ष पिंकी शर्मा, सचिव संतोष यादव, मुनेष देवी, अशोक कुमार, पूर्व ईओ मनोज यादव, बीरसिंह यादव, प्रवीण यादव, सुभाष छावड़ी, दीवान सिंह चौहान व मूलचन्द ने अपने विचार रखें और हड़ताल को समर्थन दिया।



रेवाड़ी। गश्त के दौरान दुकानदारों से बात करते हुए पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

## अपराधों पर अंकुश लगाने को लेकर पुलिस ने की पैदल गश्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

- शहर के मुख्य बाजार, बस स्टैंड, धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों का किया निरीक्षण

शहर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने व आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए जिला पुलिस की ओर से पैदल गश्त करके क्षेत्र का जायजा लिया गया। थाना खोल इंस्पेक्टर गजराज सिंह, थाना कसोला इंस्पेक्टर सतीश कुमार, थाना धारूहेड़ा इंस्पेक्टर कश्मीर सिंह, थाना रामपुरा पीएसआई मनीष कुमार, चौकी इंचार्ज गढ़ी बोलनी एसआई महिपाल, चौकी इंचार्ज जगन गेट एसआई संदीप कुमार, चौकी इंचार्ज सेक्टर-3 पीएसआई राकेश कुमार, चौकी इंचार्ज डहीना एसआई रजनीश कुमार व चौकी इंचार्ज भाडावास गेट एसआई सुमन ने अपनी अपनी टीमों के साथ अपने-अपने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए पैदल गश्त की। उन्होंने स्थानीय निवासियों से बातचीत करके उनकी समस्याओं को समझा और क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की प्रतिबद्धता दोहराई।

थाना प्रभारियों के साथ पुलिस के जवानों ने मुख्य बाजार, बस स्टैंड, धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों का निरीक्षण किया। उन्होंने दुकानदारों, व्यापारियों और युवाओं से सीधा संवाद किया और पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए उनके सुझाव भी लिए। उन्होंने क्षेत्र के युवाओं को नशे से दूर रहने और शिक्षा एवं खेल गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए भी प्रेरित किया। पुलिस टीम ने महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया।

### बाइक चोरी के मामले में चौथा आरोपी किया काबू



**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने बाइक चोरी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला भरतपुर के गांव सानका निवासी सावन सिंह उर्फ बंटी के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। 15 अगस्त 2021 को मोहल्ला मुक्तिवाडा निवासी करण शर्मा ने पुलिस को शिकायत दी थी कि 13 अगस्त 2021 को वह अपने घर से सेक्टर-4 स्थित जिम में गया था। बाइक को जिम के बाहर खड़ी करके वह अंदर चला गया, जब कुछ देर बाद वापय आया तो बाइक चोरी हो चुकी थी। पुलिस ने मामले में संलिप्त तीन आरोपी गब्बर सिंह, धर्मेन्द्र उर्फ छोटू व चव्वन हुसैन को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस कों आरोपी गब्बर सिंह ने बताया था कि उसने यह बाइक सावन सिंह के साथ मिलकर चोरी की थी। पुलिस ने बुधवार को सावन सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया है।


## सारंग महोत्सव में रेवाड़ी के दो रंगकर्मी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

- सतीश मस्तान व मदन डागर को अभिनेता यशपाल शर्मा व वीसी अमित आर्य ने किया सम्मानित
- हरियाणा में पहली बार रंग महोत्सव के आयोजन से युवा रंगकर्मियों को मिलेगी प्रेरणा

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय दिल्ली व दादा लख्मीचंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफार्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स रोहतक के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भारत रंग महोत्सव नाट्य उत्सव व सारंग महोत्सव में हरियाणा के चयनित रंगकर्मियों को सम्मानित किया गया। महोत्सव में दक्षिण हरियाणा क्षेत्र में रंगमंच को बढ़ावा देने की दिशा में प्रयासरत रेवाड़ी के वरिष्ठ रंगकर्मी सतीश मस्तान व नाट्य विधा में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता व राज्य युवा अवार्ड से सम्मानित रंगकर्मी मदन डागर को प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता यशपाल शर्मा व सुपवा यूनिवर्सिटी रोहतक के वाइस चांसलर अमित आर्य ने सम्मानित किया।

मदन डागर ने कहा कि हरियाणा में पहली बार इतने बड़े विश्व प्रसिद्ध भारत रंग महोत्सव में रंगकर्मियों का सम्मान करना वास्तव में काबिले तारीफ है, इस पहल से युवा रंगकर्मियों को नई ऊर्जा व अधिक सकारात्मक सोच के साथ रंगमंच में नए आयाम स्थापित करने के प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर फिल्म अभिनेता विजय सारन, सुपवा के सलाहकार व अभिनेता निर्देशक हरिओम कौशिक सहित दिल्ली से नाट्य निर्देशिका लक्ष्मी रावत, सुपवा के प्रोफेसर दुष्यंत कुमार, आईजीयू के पूर्व सलाहकार डा. आनंद शर्मा व स्टेज एप अभिनेता अभिनयु यादव उपस्थित थे।



रेवाड़ी। महोत्सव में रंगकर्मी मदन डागर को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## भारतीय ज्ञान परंपरा और पर्यावरण चिंतन की राष्ट्रीय संगोष्ठी विवरणिका का विमोचन

**खास बातें**
- कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी ने विवरणिका का विमोचन किया
- संगोष्ठी में देश के विभिन्न राज्यों से विद्वान अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में विवरणिका का विमोचन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ मीरपुर

इन्दिरा गांधी विश्वविद्यालय में हिंदी विभाग की ओर से 24 फरवरी को आयोजित होने वाली एक-दिवसीय बहु-विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी भारतीय ज्ञान परंपरा और पर्यावरण चिंतन की आधिकारिक विवरणिका का विमोचन किया गया। कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी ने विवरणिका का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि ऋग्वैदिक काल से ही भारत में प्रकृति को पूजनीय माना गया है। आज के वैश्विक तापन के दौर में भारतीय ज्ञान परंपरा का पंचमहाभूत सिद्धांत पर्यावरण संरक्षण की एकमात्र कुंजी है। यह संगोष्ठी अवश्य ही शोधार्थियों व विद्यार्थियों को प्राचीन मेधा और आधुनिक विज्ञान के समन्वय का अवसर प्रदान करेगी। संयोजिका डा. मंजु पुरी ने संगोष्ठी के वैचारिक ढांचे को स्पष्ट करते हुए बताया विवरणिका में कार्यक्रम के उद्देश्यों, उप-विषयों एवं शोध-पत्र आमंत्रण की प्रक्रिया का उल्लेख किया गया है। संगोष्ठी में देश के विभिन्न राज्यों से विद्वान अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग प्रोफेसर करण सिंह, निदेशक युवा कल्याण विभाग प्रोफेसर अदिति शर्मा, डा. सुशांत एवं हिंदी विभाग के प्राध्यापक उपस्थित थे।




रेवाड़ी। लोगों की शिकायतें सुनते हुए एसडीएम व सीटीएम। फोटो : हरिभूमि

## समाधान शिविर में किसानों को एग्रीस्टैक आईडी बनवाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम सुरेश कुमार व सीटीएम जितेंद्र कुमार ने आम जनता की शिकायतें सुनीं और अधिकारियों को इनका निपटारा करने के निर्देश दिए। शिविर में गांव खरखड़ा निवासी बीर सिंह ने शिकायत रखी कि उसकी पीएम किसान सम्मान निधि की राशि अभी तक नहीं मिली है, जिस पर एसडीएम ने कहा कि जिन किसानों की एग्रीस्टैक आईडी बन चुकी है, उन्हीं को यह सम्मान निधि की राशि मिलेगी। इसलिए सभी किसान एग्री स्टैक आईडी को जल्दी से जल्दी बनवा लें। गांव रामपुरा के सरपंच नरेश कुमार ने बताया कि जगमग फिरनी स्कीम के तहत लगाई गई लाइटें खराब होने के कारण रात के समय अंधेरा छाया रहता है, जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है। नई आबादी मोहल्ला के निवासी फूल सिंह ने बताया कि गली में अवैध कब्जे होने के कारण आम रास्ता संकीर्ण हो गया है। एसडीएम ने अधिकारियों को शिकायतों का समाधान करने के निर्देश दिए।

**अपराध** पुलिस ने मौके से एक मैगजीन व तेजधार हथियार किए थे बरामद

## भालखी सरपंच प्रतिनिधि पर जानलेवा हमले में शामिल दो और आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक अवैध देशी पिस्टल, वारदात में प्रयोग की गई दो गाड़ी व लोहे की राड बरामद की थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



रेवाड़ी। पुलिस की गिरफ्त में दोनों आरोपी। फोटो : हरिभूमि

खोल थाना पुलिस ने गत 26 जनवरी को गांव भालखी के सरपंच प्रतिनिधि पर लाठी-ड़डों से जानलेवा हमला करने के मामले में संलिप्त दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान राजस्थान के जिला कोटपुतली बहरोड़ के गांव परतापुर निवासी सोनू उर्फ अंधेरा व गांव नांगल जमालपुर निवासी कमल के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में 6 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गांव ढाणी भालखी निवासी सुरेंद्र उर्फ धोलिया ने अपनी शिकायत में बताया था कि वह 26 जनवरी के दिन गांव भालखी के स्कूल में आयोजित गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अपने ताऊ के लड़के दीनदयाल के साथ गया था। कार्यक्रम के बाद वह अपनी ब्रेजा कार से घर लौट रहा था। गांव माजरा का अंडरपास क्रॉस करते ही एक बोलेरो कैंपर ने उसकी गाड़ी को टक्कर मार दी। एक बोलेरो उसकी कार के आगे लगा दी गई। गाड़ियों से रवि, योगेश, पकंज निवासी प्रतापुर सहित एक दर्जन से ज्यादा लोग उसके पास आए। इसके बाद रवि, नवीन व शीशपाल ने उसे गाड़ी से बाहर निकालकर कहा कि तूने भाई रविंद्र हाथी से मारपीट की थी। उसने आरोप लगाया कि रवि ने उस पर फायर करने का प्रयास किया तो मैगजीन पिस्टल से निकल गई। इसी दौरान आरोपियों ने उसके साथ लाठी डंडों व राड से जमकर मारपीट की।

पुलिस ने मौके से एक मैगजीन व तेज धार हथियार बरामद किए थे, मैगजीन में पांच जिंदा कारतूस मिले थे। पुलिस ने मामले में संलिप्त 6 आरोपी राजस्थान के जिला कोटपुतली बहरोड़ के गांव काठुवास निवासी साहिल, जिला महेंद्रगढ़ के गांव महासर निवासी लोकेश, गांव माजरा निवासी नवीन व शीशपाल उर्फ पाला, राजस्थान के जिला कोटपुतली बहरोड़ के गांव परतापुर निवासी पंकज व योगेश उर्फ चिल्लु को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक अवैध देशी पिस्टल, वारदात में प्रयोग की गई दो गाड़ी व लोहे की राड बरामद की थी। पुलिस ने बुधवार को मामले में संलिप्त दो और आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए दो दिन के रिमांड पर लिया है।

### आरोपियों के खिलाफ अन्य मामले

जांचकर्ता ने बताया कि आरोपी सोनू उर्फ अंधेरा के खिलाफ पहले भी राजस्थान के थाना माढंण व थाना खोल में हत्या व मारपीट के 2 मामले दर्ज है। इसी प्रकार आरोपी कमल के खिलाफ भी पहले थाना खोल, बावल, मॉडल टाउन रेवाड़ी व राजस्थान के थाना बहरोड़ में मारपीट व आर्म्स एक्ट के पांच मामले दर्ज हैं।

## खबर संक्षेप



नारनौल। आमजन की शिकायत सुनते नगराधीश डॉ मंगल सेन।

### समाधान शिविर में 40 नागरिकों ने रखी समस्याएं

**नारनौल।** लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में नगराधीश डॉ. मंगल सेन ने वीरवार आमजन की शिकायतें सुनीं। शिविर में कुल 40 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से अधिकतर का निपटान वहीं पर कर दिया गया। नगराधीश ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में आने वाली सभी शिकायतों का तत्काल समाधान किया जाए।

### पॉलिटेक्निक में विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

**नारनौल।** बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में एनएसएस कैंप के तीसरे दिन स्टार्टअप आइडिया एवं स्वरोजगार विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एमएसएमई विभाग से आए राहुल यादव, एक्सटेंशन ऑफिसर ने विद्यार्थियों को स्टार्टअप शुरू करने की प्रक्रिया, सरकारी योजनाओं, वित्तीय सहायता, नवाचार और आत्मनिर्भरता के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।

### 14 को हिंदू सम्मेलन, कार सेवकों का होगा सम्मान

**नारनौल।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) परिसर में 14 फरवरी को दोपहर दो बजे से एक भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के प्रभारी रवि दत्त के अनुसार सम्मेलन को सफल और भव्य बनाने के लिए शिव बस्ती के मार्गदर्शक सदस्यों के साथ-साथ ऑफिसर कॉलोनी, आईटीआई क्षेत्र, कर्मचारी कॉलोनी, फ्रेंड्स कॉलोनी, विकास नगर, मालवीय नगर, बस अड्डा क्षेत्र तथा नई रेलवे कॉलोनी के नागरिक सहयोग कर रहे हैं।

### आपराधिक कानूनों के प्रति किया जागरूक

**मंडी अटेली।** पुलिस विभाग की ओर से डोर टू डोर नशा मुक्त अभियान के तहत गठित विशेष टीम ने थाना अटेली क्षेत्र के गांव भोड़ी का दौरा किया। इस दौरान गांव की आंगनबाड़ी में एक जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी वर्गों के लोगों, विशेषकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। निरीक्षक शारदा और उनकी टीम ने ग्रामीणों को प्रेरित करते हुए बताया कि पुलिस नशा पीड़ितों को समाज की मुख्य धारा में वापस लाने के लिए प्रयासरत है।

### आर्य समाज मंदिर में हवन का आयोजन

**कनीना।** आर्य समाज के सुधारक महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती पर वीरवार को आर्य समाज मंदिर में यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें आर्य समाज के प्रतिनिधियों में हिस्सा लिया। समाज के प्रधान सूबेदार मोहर सिंह ने कहा कि स्वामी दयानन्द ने देश को धर्म एवं मर्यादा के लिए जगाने का कार्य किया । उन्होंने समाज में फैली सामाजिक बुराइयों का खुलकर विरोध किया। उन्होंने समाज में प्रचलित बाल विवाह प्रथा का विरोध किया वहीं स्त्री शिक्षा पर बल दिया ।

### उद्यमिता एवं स्टार्टअप के लिए किया प्रेरित

**महेंद्रगढ।** राजकीय महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में उद्यमिता एवं स्टार्टअप विषय पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रोफेसर डॉ. जगजीत सिंह मोर जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चरखी दादरी एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर विजय यादव ने किया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. जगजीत सिंह मोर ने कहा कि वे किस प्रकार न्यूनतम लागत में नए-नए स्टार्टअप शुरू कर सकते हैं । इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य विजय यादव ने विद्यार्थियों को नए युग की रोजगार चुनौतियों एवं उनसे निपटने के तरीकों की जानकारी दी।

# प्रदेश में भर्तियों की बहार : यूट्यूब लेक्चर, ऑनलाइन टेस्ट सीरीज ई-बुक्स और मोबाइल एप्स के जरिए तैयारी को अपडेट करें युवा

सुबह की ताजी हवा में पार्कों और खुले मैदानों में फिजिकल तैयारी करते युवा नजर आ रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा में इन दिनों विभिन्न विभागों में भर्तियों की प्रक्रिया ने रफ्तार पकड़ ली है। पुलिस, स्वास्थ्य, वन, कृषि तथा अन्य विभागों में अलग-अलग पदों पर नौकरियों के विज्ञापन जारी होने से युवाओं में उत्साह का माहौल है। लंबे समय से तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए यह सुनहरा अवसर माना जा रहा है।

खास बात यह है कि वर्तमान मौसम पढ़ाई के लिए अनुकूल है - न अत्यधिक गर्मी, न कड़ाके की ठंड। ऐसे में विशेषज्ञ युवाओं से अपील कर रहे है कि वे समय का पूरा सदुपयोग करें और प्रतियोगिता की कड़ी दौड़ में आगे निकलने की तैयारी करें। क्षेत्र के पुस्तकालयों, कोचिंग संस्थानों और अध्ययन कक्षों में इन दिनों विद्यार्थियों की चहल-पहल बढ़ गई है।

- लंबे समय से तैयारी कर रहे युवाओं के लिए सुनहरा मौका



बिरेंद्र यादव।

सुबह की ताजी हवा में पार्कों और खुले मैदानों में फिजिकल तैयारी करते युवा नजर आ रहे है वहीं दोपहर और शाम के समय लाइब्रेरी तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन लेक्चर और मॉक टेस्ट का सहारा लेकर तैयारी को धार दी जा रही है। अभ्यर्थियों प्रदीप कुमार, नीरज कुमार, रोहित यादव, अंकित जांगड़ा, पंकज, अनिल कुमार, योगेश यादव, सौरभ, नितेश कुमार, विश्वास, कुलदीप योगी, राहुल प्रजापत, रोहित, नितेश का कहना है कि जब अवसर सामने हो और मौसम साथ दे रहा हो तो मेहनत में कोई कमी नहीं छोड़नी चाहिए।

### लाइब्रेरी और डिजिटल माध्यम बना बड़ा सहारा

महेंद्रगढ़, नारनौल, नांगल चौधरी, कनीना और अटेली सहित कई शहरों में सार्वजनिक पुस्तकालयों में सीटें फुल रहने लगी है। जिला हरिभूमि टीम द्वारा युवाओं से बात करने पर बताया कि घर के बजाय लाइब्रेरी में पढ़ाई करना अधिक लाभकारी है। उनका कहना है कि वहां का अनुशासित वातावरण ध्यान केंद्रित करने में मदद करता है। इसके साथ-साथ डिजिटल माध्यम भी बड़ी भूमिका निभा रहा है। यूट्यूब लेक्चर, ऑनलाइन टेस्ट सीरीज, ई-बुक्स और मोबाइल एप्स के जरिए अभ्यर्थी अपनी तैयारी को अपडेट कर रहे है। ग्रामीण क्षेत्रों के युवा भी अब स्मार्टफोन के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण सामग्री तक पहुंच बना रहे है। कई छात्र दिन में फिजिकल किताबों से पढ़ाई करते है और रात में ऑनलाइन मॉक टेस्ट देकर अपनी तैयारी का आकलन करते है।

### फिजिकल और लिखित दोनों की तैयारी जरूरी

युवा प्रदीप कुमार ढाणी बाठोठा ने बताया कि हरियाणा में निकलने वाली कई भर्तियों में लिखित परीक्षा के साथ-साथ फिजिकल टेस्ट भी शामिल है। पुलिस, फॉरेस्ट गार्ड और अन्य सुरक्षा संबंधी पदों के लिए शारीरिक दक्षता अनिवार्य है। ऐसे में सुबह-शाम दौड़, एक्सरसाइज और ग्राउंड प्रैक्टिस कर रहे है। देवेंद्र कुमार, कैलाश चंद, कृष्ण कुमार विशेषज्ञों का कहना है कि केवल किताबों में डूबे रहने से काम नहीं चलेगा बल्कि संतुलित दिनचर्या अपनाकर मानसिक और शारीरिक दोनों रूप से फिट रहना जरूरी है।

### प्रतियोगिता होगी कड़ी

युवा बिरेंद्र यादव ने बताया कि हरियाणा में इस समय भर्तियों का जो दौर चल रहा है वह युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है। मौसम भी अनुकूल है इसलिए समय को व्यर्थ न गंवाएं। सुबह शारीरिक अभ्यास करें। दिन में लाइब्रेरी या शांत वातावरण में पढ़ाई करें और डिजिटल माध्यम से अपनी तैयारी को अपडेट रखें। प्रतियोगिता निश्चित रूप से कड़ी होगी। लेकिन जो विद्यार्थी नियमितता, अनुशासन और सकारात्मक सोच बनाए रखेंगे वही सफल होंगे। असफलता से घबराएं नहीं बल्कि उसे सीख में बदलें। अभी की मेहनत ही आपके भविष्य की नींव है।

# जिले के अंदर बनेंगी 74 वाटर बॉडी, सांसद ने मांगे 52 करोड़

## भूजल स्तर सुधार के लिए एक मेगा रीचार्ज परियोजना तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

जिले के भूजल स्तर सुधार के लिए एक मेगा रीचार्ज परियोजना तैयार की गई है। इसके बारे में अधिक जानकारी देते हुए विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में केंद्र सरकार की अटल भूजल योजना के अंतर्गत अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। इससे भूजल स्तर में अच्छा सुधार हुआ है। परंतु अभी भी बहुत से इलाकों में भूजल स्तर लगातार गिरता जा रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए सांसद धर्मबीर सिंह एवं हरियाणा सरकार की पैरवी पर जिले के मेगा रीचार्ज प्रोजेक्ट के लिए लगभग 52 करोड़ की मांग की गई है। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत पूरे जिले में लगभग 60 वाटर बॉडी बनाई जाएंगी। इन वॉटर बॉडी में अतिरिक्त नहरी पानी को भरा जाएगा जिससे भूजल स्तर में अभूतपूर्व लाभ होगा। संदीप मालड़ा ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत पहले चरण में लगभग 55 गांव कवर किए जाएंगे। सतनाली, सीहमा और निजामपुर ब्लॉक के गांवों में अटल भूजल योजना के अंतर्गत कार्य नहीं हो पाए थे। इस नई मेगा रीचार्ज परियोजना में इन ब्लॉकों के गांवों को भी कवर किया जाएगा। इसके लिए जल्द-से-जल्द पैसा जारी करने के लिए सांसद धर्मबीर सिंह ने सिंचाई विभाग के प्रमुख अभियंता को पत्र लिखकर निर्देश जारी कर दिए हैं। चंडीगढ़ सचिवालय में बुधवार को आयोजित हुई प्रदेश स्तर की विकास एवं निगरानी समिति की बैठक में भी सांसद धर्मबीर सिंह ने इस बारे प्रदेश के मुख्यमंत्री से निवेदन किया है कि इस परियोजना पर जल्द-से-जल्द कार्य शुरू करवाया जाए। साथ ही अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि इस परियोजना से संबंधित सभी औपचारिकताएं जल्द-से-जल्द पूरी की जाएं।

- वर्ल्ड बैंक से मिलेगा पैसा, भूजल स्तर में होगा अभूतपूर्व लाभ



महेंद्रगढ़। इस जगह पर बनाइ जाएगी वाटर बॉडी। फोटो : हरिभूमि

### सांसद ने दिए निर्देश

बुधवार को चंडीगढ़ में आयोजित हुई प्रदेश की विकास एवं निगरानी समिति की बैठक में सांसद धर्मबीर सिंह ने सिंचाई विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि ये सभी कार्य जल्द-से-जल्द शुरू करवाए जाएं। सांसद ने ये भी कहा कि आवश्यकता पड़ने पर जिले के लिए और भी फंड की व्यवस्था की जाएगी। जिन इलाकों में भूजल स्तर अधिक नीचे है वहां ज्यादा ध्यान दें अधिकारी। साथ ही तीन ब्लॉक सीहमा, निजामपुर और सतनाली जो अटल भूजल योजना का हिस्सा नहीं थे वहां अधिक ध्यान दिया जाए।

### नांगल चौधरी व नारनौल के गांव

रामबास, धानौता, कारौली, मारौली, निजामपुर, हस्नपुर, मक्सूसपुर, हमीदपुर, नांगल काठा, बापडोली, खोडमा, कारोता, जैनपुर, सलीमपुर, सराय बहादुर, जाट गुवाना, मोरूंड, राय मलिकपुर, सुरानी व पटीकरा शामिल हैं।

**महेंद्रगढ़ गांवों में बनेगी वॉटर बॉडीः** भांडोर ऊंची, मुडायन, खेड़ा, पल्ह, बैरावास, जांजडियावास, नांगल सिरोही, पाली, चीतलांग, आदलपुर, गागडवास, धोली, नांगल हरनाथ, खातोदड़ा, कौथल कलां, जांट, देवास, डुलाना, निम्बी, बसई, सुरेहती पिलानिया, डालनवास, ढाणा, सुरेहती मोडियाना, डिगरौता, सुरेहती जाखल शामिल हैं।

**अटेली के इन गांवों में बनेगी वॉटर बॉडीः** रामबास, कलवाड़ी, अटाली, दूलोठ जाट, धनौंदा, सेहलंग, भड़फ, मोहल्डा, सिलारपुर, पोता, रांता खुर्द, चेलावास, सिहोर खरखड़ा बास, खेड़ी, अगिहार, नावदी, कांटी, खेड़ी

**बड़ी वॉटर बॉडी भी बनेगीः** गांव देवास में बड़ी वॉटर बॉडी बनाई जाएगी। दोहान नदी में बड़ा बंध बनाकर पानी स्टोर किया जाएगा। इससे आसपास के आधा दर्जन गांवों के भूजल स्तर में लाभ होगा
गांव पाली - लगभग छह एकड़ में जोहड़ खोदकर पानी भरा जाएगा।
गांव डालनवास- पहाड़ की तलहटी में लगभग 15 एकड़ में पहले से बने हुए आधा दर्जन जोहड़ों का सुदृढ़ीकरण करके नहर से जोड़ा जाएगा



महेंद्रगढ़। अनिल कौशिक को सम्मानित करते वीसी अमित आर्या। फोटो : हरिभूमि

# फिल्म इंस्टीट्यूटर रोहतक ने अनिल को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

फिल्म इंस्टीट्यूटर सुपवा रोहतक में आयोजित सम्मान समारोह में महेंद्रगढ़ निवासी राष्ट्रीय रंगकर्मी अनिल कौशिक को भारत रंगम सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान फिल्म इंस्टीट्यूटर यूनिवर्सिटी के कुलपति अमित आर्या ने बुधवार देर शाम एक सम्मान समारोह में प्रदान किया। सूपवा रोहतक में एनएसडी की ओर से भारत रंगम थिएटर फेस्टिवल का आयोजन पहली बार सुपवा रोहतक में किया गया। इस उत्सव में देश विदेश से रंगमंच के कलाकारों ने नाटकों की प्रस्तुति से उत्सव में चार चांद लगा दिए। इस उत्सव में हरियाणा के सर्वश्रेष्ठ चुनिंदा निर्देशकों को सम्मानित किया गया। बुधवार को फिल्म इंस्टीट्यूटर रोहतक में हरियाणा प्रदेश के प्रसिद्ध रंगकर्मी अनिल कौशिक को प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर अनेक वर्षों से नाटक निर्देशन व अभिनय की बुलंदिया छूने पर भारंगम सम्मान से सम्मानित किया गया।

### यह हैं उपलब्धियां

बता दें कि अनिल कौशिक छात्र जीवन से ही विश्वविद्यालय के साथ–साथ राष्ट्र स्तर पर अपनी सफल पहचान बनाने के बाद हरियाणा सरकार में अपनी सेवाओं से हरियाणा की संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलवाई। कौशिक को उनकी सेवाओं को मान्यता देते हुए अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय सम्मान मिलने के साथ साथ गवर्नर अवॉर्ड भी हरियाणा सरकार द्वारा भी प्रदान किया गया। अनेक धारावाहिक टेलीफिल्म में अभिनय, निर्देशन एवं पटकथा लिखकर सफल पहचान बना चुके अनिल कौशिक को भारत रंगम सम्मान मिलना क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।



नारनौल। एनएसएस शिविर समापन में मौजूद अतिथि व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## एप्रीसिएशन अवॉर्ड से खुशी, पूजा, वंशिका रिद्धि और सरिता को नवाजा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राजकीय महाविद्यालय छिलरो में सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पंचायत समिति निजामपुर के चेयरमैन विनोद यादव रहे। उन्होंने स्वयंसेवकों को प्लास्टिक मुक्त हरियाणा तथा प्लास्टिक मुक्त भारत निर्माण में सहयोग करने और सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में बतौर अतिथि सुनील भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने स्वयंसेवकों को सात दिवसीय विशेष शिविर पूर्ण करने पर बधाई देते हुए शिविर के दौरान मिले प्रशिक्षण को अपने जीवन में उतार कर समाज हित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। शिविर के दौरान किए गए कार्यक्रम की रिपोर्ट एनएसएस प्रभारी डॉ सुरेन्द्र कुमार तथा डॉ नीरज यादव ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम में सभी स्वयंसेवकों को प्राचार्य द्वारा शिविर का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। शिविर में दोनों इकाईयों में छात्र अंकित यादव, प्रिंस एवं छात्रा हसीना, मुस्कान बेस्ट वॉलेंटियर रहे तथा एप्रीसिएशन अवॉर्ड खुशी, पूजा, वंशिका, रिद्धि, सरिता को मिला। इसी के साथ प्राचार्य डॉ कुलदीप यादव ने सभी को एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर पूर्ण करने के लिए बधाई दी।

### तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था में व्यापारी वर्ग का बड़ा योगदान

**नारनौल।** बजट 2026 के संदर्भ में सिंघाना रोड पर व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्यापारी संवाद कार्यक्रम जिला अध्यक्ष डॉ. यतेंद्र राव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस मौके पर जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव,नारनौल मंडल अध्यक्ष हेमंत चौबे व जिले की बजट टोली के सदस्य एडवोकेट राकेश यादव उपस्थित रहे। संवाद कार्यक्रम में डॉ. यतेंद्र राव ने कहा कि भारत तेज गति से आगे बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था में व्यापारियों का बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प की सिद्धि के लिए देश का हर व्यापारी पूरी शिद्दत से इकोनॉमी को मजबूत करने में अपना अमूल्य योगदान दे रहा है। यतेंद्र राव ने कहा बजट की घोषणा होने के बाद व्यापारी वर्ग के साथ बजट पर चर्चा का मूल उद्देश्य व्यापारी भाइयों, बहनों से बजट 2026 के बजट पर उनकी प्रतिक्रिया लेना और राय मसवरा करना है। नारनौल मंडल अध्यक्ष हेमंत चौबे ने भाजपा के इस सकारात्मक पहल की सभी व्यापारियों ने सराहना की है।

- व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया

# छात्रों को विधिक शिविर में दी कानून की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। शिविर में प्रतिभागिता करने वाले शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के विधि विभाग की लीगल एड सोसायटी द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बसई में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा उत्तरदायी नागरिकता की भावना को प्रोत्साहित करना था। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थी न्याय और जागरूकता का संदेश क्लॉसरूम से बाहर समाज तक पहुंचा रहे हैं। यह शिविर सामाजिक रूप से उत्तरदायी शिक्षा और राष्ट्र निर्माण के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है। शिविर में विधि विभाग के विद्यार्थियों ने रचनात्मक एवं प्रभावशाली माध्यमों से विधिक जागरूकता का संदेश दिया। विद्यार्थियों द्वारा दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराई पर नाट्य प्रस्तुति दी गई। इस प्रस्तुति में लोकप्रिय गीत रुपैया का समावेश कर यह दर्शाया गया कि दहेज प्रथा किस प्रकार मानवीय गरिमा को धन के लेन-देन तक सीमित कर देती है। शिविर के दौरान महिला सुरक्षा, संविधान के अनुच्छेद 39(ए) के अंतर्गत निःशुल्क विधिक सहायता का अधिकार तथा साइबर साक्षरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता सत्र आयोजित किए गए।

### अधिकारी शिकायतों को समस ये निपटाएंः एडीसी

**महेंद्रगढ़।** एडीसी तरुण कुमार पावरिया ने वीरवार को लघु सचिवालय परिसर में आयोजित समाधान शिविर में अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाली प्रत्येक शिकायत का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर शिकायतों को लंबित न रखा जाए। सभी विभाग समाधान की संशोधित रिपोर्ट समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर समयबद्ध तरीके से अपलोड करें, ताकि कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित हो सके। एडीसी ने कहा कि शिकायतों का निपटारा पूरी जांच और तथ्यों के आधार पर किया जाए, जिससे दोबारा शिकायत दर्ज कराने की नौबत न आए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों के माध्यम से प्राप्त प्रत्येक शिकायत पर सरकार की पैनी नजर है। सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए गए कि लंबित मामलों का निर्धारित समय-सीमा में ठोस कार्रवाई के साथ निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त ने कुल 21 समस्याएं सुनी और मौके पर उपस्थित संबंधित विभाग के अधिकारियों को उनके समाधान बारे निर्देश दिए।

# व्यक्ति ने की फांसी लगाकर आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शहर के मौहल्ला बांस में किराए के मकान पर रहने वाले एक व्यक्ति ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने मृतक का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक की पत्नी सविता ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह गांव भलपारा जिला जांजगीर मध्य प्रदेश के रहने वाली है। उसके दो बच्चे हैं, बड़ी लड़की खुशबू उम्र करीब छह साल व छोटा लड़का दीपांशु उम्र साढ़े तीन साल है। वह व उसका पति अपने बच्चों के साथ शहर के मोहल्ला बांस में किराए पर मकान पर रहते हैं। वह मेहनत मजदूरी का काम करते हैं। 11 फरवरी को रात के समय उसका पति रामचरण खाना खाकर सोया था, जो मानसिक रूप से परेशान था। उसने शराब पी रखी थी। सुबह समय करीब 10:30 बजे उसने उठकर देखा तो पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर रखी थी। उसने फंदा काटकर जल्दी से उसका ऊपर पानी छिड़का, परंतु उनकी मृत्यु हो चुकी थी। फिर आसपड़ोस के लोगों ने थाने में फोन किया और पति को तुरंत सरकारी अस्पताल लेकर आए, जहां डॉक्टर ने उसे चेक करके मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि उसके पति की मृत्यु फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या की है, इसमें किसी का कोई कसूर नहीं है।

### श्री श्याम दरबार यात्रा का आयोजन आज

**महेंद्रगढ़।** श्री श्याम कृप्या मंडल रेलवे रोड द्वारा श्री श्याम खाटू वाले का फाल्गुन महोत्सव एवं श्री श्याम दरबार यात्रा का आयोजन आज से प्रारंभ करेंगे। मंडल प्रधान सुनील निम्बेड़िया ने बताया कि श्री श्याम कृपा मंडल प्रत्येक वर्ष फाल्गुन महीने में श्री श्याम बाबा खाटू वाले की भव्य ध्वज यात्रा का आयोजन करता है, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त बाबा श्याम की रंग-बिरंगे ध्वज लेकर श्याम बाबा के भव्य रथ के साथ अनाज मंडी महेंद्रगढ़ से खाटू धाम के लिए रवाना होती है। इस बार यह कार्यक्रम 13 फरवरी को प्रातः नौ बजे प्रारंभ होगा, जिसमें बाबा का भव्य रथ श्री श्याम ध्वजा लेकर भक्तजन बाबा का गुणगान करते हुए ढोल–नगाड़ों के साथ शहर में मुख्य बाजार बालाजी चौक, भगवान परशुराम चौक होते हुए खाटू धाम के लिए प्रस्थान करेंगी। इस भव्य शोभायात्रा में बाबा का गुणगान करने के लिए ग्वालियर से मनोज शर्मा व महेंद्रगढ़ से सत्येंद्र शर्मा गुणगान करेंगे।

**चुनाव** | सैनी सभा कोलेजियम चुनाव की घोषणा, 15 से नामांकन

# संपूर्ण प्रक्रिया के बाद 26 व 27 फरवरी को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सैनी सभा (रजि.) के कोलेजियम चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। चुनाव अधिकारी संदीप सैनी एडवोकेट एवं उप-चुनाव अधिकारी सुरेंद्र सैनी द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार चुनावी प्रक्रिया 15 फरवरी 2026 से विधिवत आरंभ होगी। जारी शेड्यूल के मुताबिक उम्मीदवार 15 फरवरी से 18 फरवरी शाम चार बजे तक अपने नामांकन पत्र जमा कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 19 फरवरी से 22 फरवरी दोपहर दो बजे तक की जाएगी। इसके बाद 23 से 25 फरवरी शाम पांच बजे तक प्रत्याशी अपना नामांकन वापस ले सकेंगे। अंतिम रूप से मैदान में रहने वाले उम्मीदवारों को 26 व 27 फरवरी को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। चुनाव का सबसे महत्वपूर्ण चरण मतदान आठ मार्च को संपन्न होगा । आवश्यकता पड़ने पर मतदान एक से अधिक चरणों में भी कराया जा सकता है, जिसकी सूचना समयानुसार जारी की जाएगी। चुनाव अधिकारी संदीप सैनी एडवोकेट ने बताया कि केवल वही सदस्य चुनाव लड़ने व मतदान करने के पात्र होंगे, जिनका नाम सैनी सभा की अंतिम मतदाता सूची में दर्ज है। नामांकन पत्र निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार किए जाएंगे और समय सीमा के बाद किसी भी प्रकार का आवेदन मान्य नहीं होगा। अधूरे अथवा त्रुटिपूर्ण फॉर्म निरस्त कर दिए जाएंगे। पूरी चुनावी प्रक्रिया पर्यवेक्षक रोशन लाल सैनी की निगरानी में पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न करवाई जाएगी। सभा परिसर में नोटिस बोर्ड पर चुनाव कार्यक्रम चस्पा कर दिया गया है, जिससे सदस्यों में चुनाव को लेकर उत्साह का माहौल बना हुआ है।

- 15 फरवरी से 18 फरवरी तक जमा होंगे नामांकन



चुनाव अधिकारी संदीप सैनी

### मोटा अनाज खाने से बीमारियां रहती हैं दूर

**मंडी अटेली।** गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल अटेली में वीरवार को मोटे अनाज पर एक जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज पर जागरूकता के लिए रोड शो भी किया गया। यह कैंप डॉ. वीर कुमार की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें किसानों को मोटे अनाज के फायदों के बारे में विस्तार से बताया । बताया गया कि मोटा अनाज फाइबर से भरपूर होता है, जो पाचन में मदद करता है और आंतों की समस्याओं से छुटकारा दिलाने में मदद करता है। मोटे अनाज में बाजरा, ज्वार समेत अन्य प्रोटीन, फाइबर, आयरन, कैल्शियम, बी विटामिन्स और कई खनिजों से भरपूर होते हैं, जो इन्हें ग्लूटेन-फ्री, पाचन-सुधारने वाले और मधुमेह व हृदय रोगों के जोखिम को कम करने वाले सुपर फूड बनाते हैं, जो चावल की तुलना में अधिक पौष्टिक होते हैं।

## ईओ पर भी कार्रवाई की लटकी तलवार, डीएमसी ने निदेशालय को भेजी थी शिकायत

# नगर परिषद जेई और अकाउंटेंट सस्पेंड अवैतनिक अवकाश के दौरान दिया वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


नगर परिषद में अवैतनिक अवकाश के दौरान वेतन जारी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए जेई हैप्पी और अकाउंटेंट जितेंद्र को निलंबित कर दिया गया है। दोनों के निलंबन के आदेश चंडीगढ़ से जारी किए गए हैं। मामले में नगर परिषद के ईओ सुशील कुमार भुक्कल पर भी कार्रवाई की तलवार लटक रही है। ईओ और अकाउंटेंट पर जेई को छुट्टियों के दौरान का वेतन देने का आरोप है। नगर परिषद पर विकास कार्यों को लेकर पहले भी भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं। विधायक लक्ष्मण सिंह यादव भी नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सार्वजनिक रूप से सवाल उठा चुके हैं।



रेवाड़ी। नगर परिषद कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

### निदेशालय को अधूरे तथ्य भेजकर किया गुमराह

नगर परिषद के ईओ सुशील कुमार भुक्कल ने कहा कि डीएमसी ने निदेशालय को अधूरे तथ्य भेजकर गुमराह किया है। नगर परिषद के पास जेई के अवकाश पर होने की कोई अधिकारिक सूचना नहीं थी। बीच में ड्यूटी पर लौटने के चलते बाकी कर्मचारियों के साथ वेतन उनके खाते में चला गया। जिसे उन्हें ब्याज सहित वापस भी लौटा दिया। निदेशालय के मांगने पर तथ्यों के साथ जवाब दिया जाएगा।


रेवाड़ी। निदेशालय से जारी किया गया जेई व अकाउंटेंट का सस्पेंड आर्डर।

### डीएमसी ने स्वयं जांच के बाद भेजी थी शिकायत

अवकाश के दौरान जेई हैप्पी को वेतन देने का पता चलने पर डीएमसी ब्रह्मप्रकाश ने पहले अपने स्तर पर मामले की जांच की। इसके बाद उन्होंने स्थानीय निकाय निदेशालय को पत्र भेजा। करीब 15 दिन बाद निदेशालय ने 10 फरवरी को दोनों के निलंबन के आदेश जारी किए। अवैतनिक अवकाश पर विभाग से अनुमति लेनी होती है।

### 18 अगस्त से 18 दिसंबर तक था अवकाश

*नगर परिषद के जेई हैप्पी ने 18 अगस्त से 18 दिसंबर 2025 तक अवैतनिक अवकाश लिया था, लेकिन नगर परिषद की ओर से अवकाश के दौरान जेई हैप्पी को दो माह का वेतन जारी कर दिया, जिसका खुलासा होने पर शिकायत स्थानीय निकाय निदेशक को भेजी गई, जिसके बाद निदेशालय ने जेई और अकाउंटेंट जितेंद्र के निलंबन आदेश जारी किए। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शिकायत में ईओ सुशील कुमार भुक्कल का नाम भी शामिल था। हालांकि अभी ईओ के खिलाफ किसी प्रकार की कार्रवाई की सूचना नहीं है।*

# बिजली निगम के अधिकारियों ने काले बैज लगाकर निजीकरण का विरोध किया



रेवाड़ी। प्रदर्शन करते हुए बिजली निगम के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि


हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

वीरवार को राष्ट्रव्यापी हड़ताल के दौरान झज्जर रोड स्थित कार्यालय परिसर में बिजली निगम के एसई, एक्सईन और एसडीओ ने भी काले बैज लगाकर निजीकरण का विरोध करते हुए धरना-प्रदर्शन किया। एक्सईन, एसई व एसडीओ ने गेट मीटिंग की और सरकार के खिलाफ धरना देकर बिजली निगम में किए जा रहे निजीकरण पर विरोध जताया। राष्ट्रव्यापी हड़ताल के दौरान हरियाणा पॉवर इंजीनियर्स एसोसिएशन के आह्वान पर निगम के अधिकारियों ने प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने कहा कि सरकार बिजली वितरण, उत्पादन और ट्रांसमिशन का निजीकरण करने की तैयारी में है। ऐसा होने पर निजी कंपनी टोल टैक्स की तर्ज पर मनमर्जी से बिजली दरों में बढ़ोतरी करेगी, जिसका बोझ आम आदमी के साथ छोटे उद्योगों और किसानों पर पड़ेगा। अधिकारियों ने कहा कि केंद्र सरकार का इलेक्ट्रिसिटी बिल 2025 और नेशनल इलेक्ट्रिसिटी पॉलिसी 2026 बिजली निगम के निजीकरण की दिशा में बढ़ाया गया कदम है। उन्होंने पॉलिसी को वापस लेने, आउटसोर्सिंग पर रोक लगाने तथा जिला और उपमंडल स्तर पर अधिकारियों की पर्याप्त नियुक्ति करने की मांग की। प्रदर्शन में एसई पीके चौहान, एक्सईन संदीप कुमार, ओके भारद्वाज और संजय यादव तथा एसडीओ विजय पाल, मोहित, सोनू, अरुण, भरत मलिक और कविंद्र शामिल थे।

### सूर्य नमस्कार अभियान का समापन

रेवाड़ी। हरियाणा योग आयोग पंचकूला के निर्देशानुसार आयुष विभाग की ओर से चलाए जा रहे सूर्य नमस्कार अभियान का वीरवार को केएलपी कॉलेज में समापन हुआ। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. बसंत कुमार के मार्गदर्शन में चल रहे सूर्य नमस्कार कार्यक्रम के अंतिम दिन योग एवं प्राकृतिक विशेषज्ञ राकेश छिल्लर, योग सहायक कमलेश आर्य व संगीता यादव ने विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं अन्य प्रतिभागियों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया। इस वर्ष जिले में लक्ष्य को पार करते हुए 2,57,803 सूर्य नमस्कार के रजिस्ट्रेशन करवाए गए है। राकेश छिल्लर ने कहा कि नियमित योगाभ्यास विशेषकर सूर्य नमस्कार न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक तनाव को भी कम करता है। प्राचार्या प्रो. कविता गुप्ता ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में योग अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर रिपुदमन गुप्ता, संदीप खंडेलवाल, अरविंद गुप्ता, उषा रूस्तगी, डा. नरेश दुग्गल, डा. मंजू गर्ग, विवेक कुमार, शिक्षा, डा. संजय शर्मा, महेन्द्र संभारिया, डा. मोनिका, डा. विजेन्द्र, संदीप यादव, दिनेश यादव मौजूद रहे।


रेवाड़ी। केएलपी कॉलेज में सूर्य नमस्कार का अभ्यास करते हुए। फोटो : हरिभूमि


रेवाड़ी। लगन समारोह में रस्म अदा करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### लगन में लिया एक रुपया व नारियल


रेवाड़ी। यादव समाज के एक परिवार ने लगन समारोह में अनूठी पहल करते हुए दहेज प्रथा के खिलाफ मजबूत संदेश दिया है। वर पक्ष की ओर से लगन में एक रुपये का सिक्का व नारियल लिया गया। आकाश यादव नहर विभाग में क्लर्क पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनके पिता यशवंत यादव पुलिस विभाग में एसआई हैं। शहादतपुर अटेली निवासी वधू योगिता ने एचटेट, सीईटी, एमकॉम व नीट परीक्षाएं उत्तीर्ण की हुई हैं। आकाश के पिता यशवंत यादव ने कहा कि समाज में दहेज जैसी कुरीतियां अभी भी व्याप्त हैं, जिन्हें खत्म करने के लिए किसी न किसी को पहल करनी होगी। समारोह में वर-वधू पक्ष के अलावा बावल से पूर्व मंत्री डा. बनवारी लाल, कोसली से पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह यादव, मानेसर से सीनियर डिप्टी मेयर परवीन यादव आदि मौजूद रहे।

### आज के समय का एआई बहुत ही महत्वपूर्ण टूलः डा. यशपाल

कोसली। कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में अंग्रेजी विभाग की डा. रीनू यादव, नीलम यादव व विपुल यादव की ओर से एक्सपर्ट लेक्चर का आयोजन किया गया, जिसमें अहीर कॉलेज से डा. अपर्णा यादव ने पाठ और प्रौद्योगिकी का सेतु-अकादमिक संचार और रिपोर्ट लेखन में एआई के अनुप्रयोग विषय पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि एआई हमारी मास्टर नहीं है। हम उसके मास्टर है। इंसान ने एआई को बनाया है। दिमाग को रचनात्मक रखने के लिए टंग ट्विस्टर का प्रयोग करना चाहिए और ज्यादा से ज्यादा पढ़ना चाहिए। निदेशक डा. यशपाल शर्मा ने कहा कि आज के समय का एआई बहुत ही महत्वपूर्ण टूल है। इस पर कंट्रोल स्वयं का होना चाहिए। आज हम चारों तरफ से एआई से घिरे हुए हैं। यहां तक कि हमारा पासवर्ड सुरक्षित नहीं है। परंतु हम एआई की मदद से बहुत कार्यों को सरल बना सकते हैं। डा. रीनू यादव ने सभी का आभार प्रकट किया।


कैथल। गेट मीटिंग के दौरान नारेबाजी करते कर्मचारी

## न्यूज डायरी



### केंद्रीय मंत्री के जन्मदिन पर लगाए पौधे

रेवाड़ी। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के जन्मदिन पर समर्थकों ने उनके दिल्ली निवास पर पहुंच कर शुभकामनाएं दी। मास्टर अरुण यादव ने राव इंद्रजीत सिंह को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना की। इस अवसर उन्होंने केंद्रीय मंत्री के रामपुरा निवास पर पांच फलदार पौधे रोपित किए। इस अवसर पर अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### सीएनजी स्टेशन पर आग की सूचना से हड़कंप आईजीएल ने मॉक ड्रिल से किया अभ्यास

रेवाड़ी। दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर धारूहेड़ा के पास स्थित सीएनजी स्टेशन पर आग की सूचना से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। बाद में जब लोगों को पता चला कि यह मॉक ड्रिल थी, तो राहत की सांस ली। मॉक ड्रिल के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर पूर्वाभ्यास किया गया। आईजीएल की ओर से अपने सीएनजी स्टेशन पर आग की सूचना देकर फायर ब्रिगेड को मौके पर बुलाया गया। इस दौरान धारूहेड़ा के सेक्टर-6 थाना प्रभारी अनीश कुमार पुलिस बल के साथ सीएनजी स्टेशन पर पहुंच गए। आईजीएल के सीनियर हेड अंशुमान कुशवाहा, प्यारेलाल व अशोक कुमार भी सीएनजी स्टेशन पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड के स्टेशन पर पहुंचते ही आसपास के लोगों में सीएनजी लीक होने की आशंका से हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे कर्मचारियों ने आग बुझाने व आगजनी की स्थिति में लोगों का बचाव करने का पूर्वाभ्यास किया गया। जब लोगों को पता चला कि सीएनजी स्टेशन पर पूर्वाभ्यास किया जा रहा है, तो उन्होंने राहत की सांस ली।

# 16 को वितरित किए जाएंगे दिव्यांगजनों को उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिला रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से अरावली पावर कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से 16 फरवरी को चिन्हित दिव्यांगजनों को निशुल्क उपकरण वितरित किए जाएंगे। रेडक्रॉस सचिव बिजेंद्र सोरोत ने बताया कि सोमवार को बाल भवन परिसर में एलिम्को की ओर चन्हित दिव्यांगजनों के लिए उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले के 164 लाभार्थियों को लगभग 84 लाख की लागत के 252 सहायक यंत्र एवं उपकरण वितरित किए जाएंगे, जिसमें बैसाखी, ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, कानों की मशीन, छडी व विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए ज्वाय स्टिक शामिल है। रेडक्रॉस सचिव ने बताया कि डीसी एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष अभिषेक मीणा के मार्गदर्शन में जिला रेडक्रास सोसायटी द्वारा अरावली पावर कंपनी प्राइवेट लिमिटेड की सीएसआर योजना के तहत ब्लॉक स्तर पर जांच शिविरों का आयोजन किया गया था, जिसमें एल्मिको ने 164 दिव्यांगजन को चिन्हित किया।

# विद्यार्थियों को योग एवं शारीरिक स्वास्थ्य की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल



राजकीय महाविद्यालय बावल में चल रहे एनएसएस शिविर के तीसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में आकाश गहलावत एचआर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर एक्साइड इंडस्ट्रीज लिमिटेड, बावल ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को सुरक्षा, पर्यावरण स्वास्थ्य तथा रोजगार के अवसरों की जानकारी प्रदान की। उन्होंने कार्यस्थल की सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण के महत्व तथा करियर निर्माण से संबंधित उपयोगी सुझाव दिए। डीपीई प्रदीप ने विद्यार्थियों को योग एवं शारीरिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर डा. इंद्रजीत सिंह, डा. किरण शर्मा, सावित्री देवी, सुदेश देवी, डा. रेखा यादव और देवेन्द्र कुमार सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

### नाबालिग ने घर में फांसी लगाकर जान दी



रेवाड़ी। बैरियावास गांव में 11वीं कक्षा में पढ़ने वाले नाबालिग ने फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। गांव निवासी रामपाल केबल ऑपरेटर के पास कार्यरत है। वह अपने काम के सिलसिले में घर से बाहर था। उसकी पत्नी और 17 वर्षीय बेटा गगन पर थे। गगन शाम के समय खेलने के लिए गया हुआ था। इसके बाद वह घर लौटा तो उसकी मां किसी काम से बाहर चली गई। जब वह घर वापस आई तो गगन फांसी के फंदे पर लटक रहा था। उसकी मां के शोर मचाने पर पड़ोस के लोग वहां आए। गगन को फंदे से उतारकर प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद कसोला पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। सीन ऑफ क्राइम टीम ने घटनास्थल पर जाकर जांच शुरू की। एसएचओ सतीश कुमार के मुताबिक छात्र के पास से काई सुसाइड नोट भी बरामद नहीं हुआ है। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के प्रयास कर रही है।

### शिकायतों का एक सप्ताह में निपटारा करें : एसडीएम

रेवाड़ी। एसडीएम विजय कुमार यादव ने कहा कि अधिकारी समाधान शिविर में आई जन शिकायतों का एक सप्ताह में निपटारा करें। किसी भी विभाग में समाधान शिविर में आई शिकायत एक सप्ताह से अधिक समय तक लंबित नहीं रहनी चाहिए। एसडीएम वीरवार को लघु सचिवालय परिसर में समाधान शिविर के दौरान आम नागरिकों की समस्याएं सुन रहे थे। शिविर में कोसली निवासी कालूराम ने शिकायत दी कि उसके मकान में पब्लिक हेल्थ ने तीन कनेक्शन जारी किए हुए हैं, जिनमें से एक उसने लिया हुआ है। बाकी दो कनेक्शन कटवाने के लिए वह विभाग को तीन बार प्रार्थना-पत्र दे चुका है, लेकिन अभी तक हटाए नहीं गए। एसडीएम ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एसडीओ को कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीओ गजराज, बिजली निगम के एसडीओ रोहित, उप अधीक्षक राजेश कुमार, दल सिंह आर्य, एसईपीओ संजीव मौजूद रहे।


रेवाड़ी। एसडीएम विजय यादव लोगों की शिकायतें सुनते हुए। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। प्रतियोगिता के विजेता शिक्षकों के साथ।

### निबंध लेखन में राजकीय स्कूल सुलखा की कुंजन बनी विजेता

रेवाड़ी। राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वीरवार को हरियाणा राज्य सहकारी विकास प्रसंघ लिमिटेड पंचकूला के तत्वावधान में जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले भर के विभिन्न विद्यालयों से 40 प्रतिभागियों ने युवा उत्थान में सहकारिताओं की भूमिका तथा महिला सशक्तिकरण सहकारिताओं द्वारा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपनी लेखनी के माध्यम से विचार साझा किए। मुख्य अतिथि बीईओ रेवाड़ी राजेश वर्मा थे, जबकि अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य विनोद यादव ने की। सहकारिता विभाग की ओर से शिक्षा अनुदेशक पूनम यादव ने विशेष रूप से शिरकत की। मंच संचालन शिक्षाविद मनोज कुमार वशिष्ठ ने किया। विजेताओं को नकद राशि, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में विजेताओं को किया सम्मानित

रेवाड़ी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा के डा. सीवी रमन साइंस क्लब की ओर से जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में विजेता रहे विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य सत्यवीर नाहड़िया ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। विद्यालय के स्टाफ सचिव दिनेश कुमार ने बताया कि 11 फरवरी को आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यालय की छात्रा मीनाक्षी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडलिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार पोस्टर मेकिंग में छात्रा अदिति तथा रोल प्ले में छात्रा प्रिया, क्षमा प्रवेश, कमलेश, सीमा व दिव्यांशी जिला स्तर पर विजेता रहे। वीरवार को विद्यालय पहुंचने पर विजेता विद्यार्थियों के अलावा क्लब से जुड़े टीम के प्रभारी भौतिकी प्राध्यापक हरीश कुमार तथा विज्ञान अध्यापिका रेखा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।


कैथल। गेट मीटिंग के दौरान नारेबाजी करते कर्मचारी

### जिला परिवेदना समिति की बैठक आज बाल भवन में

रेवाड़ी। जिले के नागरिकों की शिकायतों का निवारण करने के लिए जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक 13 फरवरी को दोपहर 2 बजे बाल भवन स्थित ऑडिटोरियम में होगी, जिसकी अध्यक्षता हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, शहरी स्थानीय निकाय और नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल करेंगे। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 12 परिवादों की सुनवाई की जाएगी।

# सूर्य नमस्कार शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक व्यायामः सरोज

- पतंजलि योग समिति की ओर से वीरवार को हुआ सूर्य नमस्कार अभियान का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


रेवाड़ी। विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराते हुए। फोटो : हरिभूमि

पतंजलि योग समिति की ओर से वीरवार को सूर्य नमस्कार अभियान के समापन पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग की ओर से हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान चलाया गया।

पतंजलि योग समिति महिला जिला प्रभारी सरोज आर्या एवं योग शिक्षक विनोद कुमार ने वीरवार को आसलवास स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया और इसके महत्व पर प्रकाश डाला। जिला प्रभारी ने बताया कि सूर्य नमस्कार 12 योग आसनों का एक समूह है, जो शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक संपूर्ण व्यायाम है।

हमे नियमित रूप से इसका अभ्यास करना चाहिए। सुबह सूर्य नमस्कार करने से दिनभर शरीर में ऊर्जा और ताजगी महसूस होती है। सूर्य नमस्कार से शरीर में रक्त संचार बढ़ाने, शरीर को लचीला बनाने, पाचन तंत्र को मजबूत करने, वजन घटाने, तनाव कम करने में अत्यंत लाभकारी है। इसके नियमित अभ्यास से शरीर में ऊर्जा का संचार होता है और प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है।

**अभिनंदन** बार एसोसिएशन ने किया कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह का अभिनंदन

# औद्योगिक विकास से ही कोई राष्ट्र उन्नति की राह पर बढ़ता है आगे : राव नरबीर

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का भी प्रयास है कि प्रदेश का समुचित औद्योगिक विकास होना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

प्रदेश के वाणिज्य उद्योग एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि औद्योगिक विकास से ही कोई राष्ट्र उन्नति की राह पर आगे बढ़ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प को पूरा करने के लिए आवश्यक है कि देश में नए उद्योग स्थापित हो और भारत के कुल उत्पादन में वृद्धि हो। कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह वीरवार को बार एसोसिएशन की ओर से कोर्ट परिसर में आयोजित अभिनंदन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बार एसोसिएशन को 25 लाख रुपए का अनुदान और नियमानुसार सीएसआर के तहत संगठन को अनुदान दिलवाने का आश्वासन दिया।


रेवाड़ी। समारोह में संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह।

उन्होंने कहा कि एक उद्योग मंत्री होने के नाते उनका लगातार प्रयास है कि हरियाणा के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में नए औद्योगिक सेक्टर विकसित हो। इसी उद्देश्य से उन्होंने रेवाड़ी जिले में एक आईएमटी को मंजूरी दिलवाई है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का भी प्रयास है कि प्रदेश का समुचित औद्योगिक विकास होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि एचएसआईआईडीसी के एमडी जल्दी ही प्रस्तावित आईएमटी की भूमि के लिए किसानों के साथ एक मीटिंग करेंगे, जिससे कि पर्याप्त जमीन इस परियोजना के लिए मिल सके। उन्होंने अधिवक्ताओं से आग्रह किया कि वे पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण के कार्य में सरकार का सहयोग करें। केवल सरकार के प्रयास से प्रदूषण को काबू नहीं किया जा सकता। इसके लिए आम नागरिकों को भी पॉलीथिन व सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग को बंद करना चाहिए। उद्योग एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर ने बताया कि पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए शहर के एचएसवीपी सेक्टर में सैनिक विश्रामगृह व कैंटीन बनवाने के लिए जमीन ली गई है। इस भवन के बनने से पूर्व सैनिकों तथा अर्धसैनिक परिवारों को एक ही छत के नीचे सभी प्रकार की सुविधाएं मिल सकेंगी।

### सभी अधिवक्ता प्रदूषण में देंगे सहयोग : यादव

बार एसोसिएशन के प्रधान विश्वामित्र यादव ने विश्वास दिलाया कि सभी अधिवक्ता प्रदूषण नियंत्रण में अपना सहयोग देंगे और फरवरी से अगस्त माह के बीच तीन हजार से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। बावल व कोसली बार ने भी वन मंत्री का अभिनंदन किया। समारोह में जिला एवं सत्र न्यायाधीश जीएस वधवा व एसीजेएम जोगेंद्री सहित अनेक न्यायिक अधिकारी व वरिष्ठ अधिवक्ता अमरजीत यादव, सचिव ब्रह्मयादव, हरिंद्र यादव, पूर्व जिला पार्षद धर्मेंद्र खटाना, महेश फौजी, भवनीश यादव व पूर्व पार्षद रोहन मौजूद थे।